गीडा प्रशासन ने शासन द्वारा मास्टर प्लान के अनुमोदन के बाद तय की भूखंड की कीमतें

# उद्योग के लिए धुरियापार में 2700 से 2900 वर्ग मीटर मिलेगी जमीन

- सप्ताह भर के भीतर धुरियापार में शुरू हो सकती है आवंटन की प्रक्रिया
- अदाणी से लेकर केयान ग्रुप ने धुरियापार में की है जमीन की डिमांड

## गीडा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। धुरियापार औद्योगिक क्षेत्र में भूखंड गीडा औद्योगिक क्षेत्र की तुलना में करीब एक तिहाई कीमत पर ही उपलब्ध हो जाएगी। गीडा प्रशासन ने इसके लिए 2700 से 2900 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से कीमत निर्धारित की है। इसके अलावा गाड़ियों की सुगम आवाजाही के लिए मुख्य सड़क की अधिकतम चौड़ाई 60 मीटर रखी गई है।

शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदित कर दिया है। लिंक एक्सप्रेसवे के लोकार्पण के बाद भूखंड आवंटन की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। आवंटन की प्रक्रिया सप्ताह भीतर शुरू होने की उम्मीद है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस के शुरू हो जाने के बाद गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) प्रशासन ने धुरियापार औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की तैयारी तेज कर दी है। वहीं, शासन से मास्टर प्लान के अनुमोदन के बाद गीडा प्रशासन ने इस औद्योगिक क्षेत्र में भूमि की कीमत 2700 से 2900 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित कर दी है। गीडा औद्योगिक क्षेत्र की तुलना में यह काफी सस्ता भी है। गीडा में भूखंडों की कीमत 7900 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से निर्धारित है।

बता दें कि जमीन की कीमतों को देखते हुए कई बड़े समूह यहां निवेश कर रहे हैं। अदाणी समूह ने यहां एसीसी ब्रांड की सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट लगाने के लिए जमीन देखा है। श्री सीमेंट और केयान डिस्टिलरी ने भी नया प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग की है। प्रदेश सरकार इस टाउनशिप में एक इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर भी बनाने की तैयारी कर रही है। गीडा औद्योगिक क्षेत्र करीब 15 हजार एकड़ भूमि पर विकसित है। इसका विस्तारीकरण करते हुए गीडा प्रशासन जिले के दक्षिणांचल में स्थित धुरियापार में 5500 एकड़ में औद्योगिक गलियारा विकसित करने जा रहा है। धुरियापार में कुल 13 सेक्टर विकसित किए जाएंगे। प्राधिकरण ने अब तक 600 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर ली है। मास्टर प्लान मंजूर होने के बाद अब जैसे ही ले-आउट भी तैयार हो गया है। सेक्टर एस-5 और एस-6 में विकास कार्य के लिए टेंडर निकाल दिया गया गया है।



"धुरियापार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में भूखंड की कीमत तय कर दी गई है। उद्यमियों की डिमांड को देखते हुए इसे 2700 से 2900 रुपये प्रति मीटर तय किया गया है। बड़ी गाड़ियों की सुगम आवाजाही के लिए इसके अलावा यहां की मुख्य सड़क की चौड़ाई 60 मीटर तक होगी। भूखंड आवंटन की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी।

**- अनुज मलिक, सीईओ, गीडा**

### कच्चे और तैयार माल के लिए 60 मीटर तक चौड़ी होंगी सड़कें

धुरियापार में मुख्य सड़क की चौड़ाई गीडा औद्योगिक क्षेत्र की तुलना में डबल होगी। गीडा प्रशासन ने धुरियापार औद्योगिक क्षेत्र की मुख्य सड़कों की चौड़ाई को अधिकतम 60 मीटर तक चौड़ी रखने का निर्णय लिया है। इसके अलावा मुख्य सड़क की न्यूनतम चौड़ाई 45 मीटर होगी। गीडा औद्योगिक क्षेत्र की मुख्य सड़कों की चौड़ाई 30 मीटर तक है। वहीं, धुरियापार में गीडा की अपेक्षा ज्यादा चौड़ी सड़कों की आवश्यकता है क्योंकि यहां हैवी इंडस्ट्रीज के आने की संभावना है। ऐसे में बड़े-बड़े कंटेनर यहां के उद्योगों के कच्चा माल लाने से लेकर तैयार माल ले जाने में उपयोग किए जाएंगे। ऐसे में चौड़ी-चौड़ी सड़कें ही यहां की मूलभूत जरूरतों को पूरी सकेंगे।